an>

Title: Need to extend Bhopal-Jaipur Express (Train No. 19711/19712) upto Bharatpur in Rajasthan.

श्री बहादुर सिंह कोली (भरतपुर)ः ट्रेन संख्या 19711/19712 जयपुर-भोपाल एक्सप्रेस गाड़ी जयपुर जंक्शन पर प्रातः 9.30 पर पहुँच कर शाम 17.50 पर जयपुर से भोपाल के लिए प्रस्थान करती है। यह गाड़ी जयपुर जंक्शन पर 8 घंटे खड़ी रहती है। अगर इस गाड़ी को भरतपुर तक चलाया जाता है तो जयपुर से भरतपुर के बीच एक साधारण एक्सप्रेस गाड़ी दौसा, बांदीकुई,मण्डावर, खेडली, नदबई व भरतपुर की आम जनता को उपलब्ध हो सकेगी। इस समय में जयपुर व भरतपुर के बीच में कोई साधारण गाड़ी भी नहीं चल रही है। इस गाड़ी को भरतपुर तक चलाने से विभाग को भी बहुत अच्छी मात्रा में राजस्व प्राप्त होगा और आम जनता को सुविधा होगी।

अतः माननीय रेल मंत्री जी से जयपुर-भोपाल एक्सप्रेस गाड़ी को भरतपुर तक चलाने की माँग करता हूँ।